Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

- **बीकानेर में पुलिस थाना गंगाशहर का सहायक उप निरीक्षक अरूण कुमार मिश्रा 10,000/– रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।**

जयपुर, 11 सितम्बर, गुरुवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये आरोपी अरूण कुमार मिश्रा सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना गंगाशहर, बीकानेर को **10,000/– रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के खिलाफ पुलिस थाना गंगाशहर में दर्ज परिवाद में मदद करने की एवज में श्री अरूण कुमार मिश्रा सहायक उप निरीक्षक द्वारा 50,000/– रूपये की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी बीकानेर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी बीकानेर एसयू के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आशीष कुमार** मय ट्रेप पार्टी द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी अरूण कुमार मिश्रा, निवासी पंचमुखी हनुमान मन्दिर के पास, रानीबाजार, बीकानेर हाल सहायक उप निरीक्षक पुलिस, पुलिस थाना गंगाशहर, बीकानेर को 10,000/– रूपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।